# 25 किमी का चक्कर खत्म, झलौन के पास अस्थायी मार्ग से वाहनों की आवाजाही शुरू

## स्थायी पुल की मांग जारी, फिलहाल अस्थायी रास्ते से शुरू हुआ सफर

**पीपुल्स प्रवक्ता, तेंदूखेड़ा**

जबलपुर-सागर मार्ग पर झलौन से लगभग दो किलोमीटर दूरी पर ब्यारमा नदी पर बना झापन पुल 30 जुलाई को हुई अतिवृष्टि के कारण बह जाने से क्षेत्र का प्रमुख मार्ग बाधित हो गया था। इसके चलते आमजन को इमलिया होते हुए लगभग 25 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर आवागमन करना पड़ रहा था, जिससे समय, ईंधन और आर्थिक नुकसान लगातार बढ़ रहा था।

इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों ने कई बार अखबारों के माध्यम से आवाज उठाई तथा क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी जी को भी अवगत कराया। बावजूद इसके, लंबे समय तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। स्थिति की



गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पुल बहने के बाद यहां तीन लोगों की जान भी जा चुकी है, जिससे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल बना रहा। कुछ समय पूर्व कलेक्टर द्वारा यह जानकारी दी गई थी कि मार्च-अप्रैल में लगभग 3.85 करोड़ रुपए की लागत से अस्थायी मार्ग का निर्माण कराया जाएगा, लेकिन आज दिनांक तक इस संबंध में कोई ठोस प्रगति या जानकारी सामने नहीं आई है। इससे लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति निराशा बढ़ती जा रही है।

प्रशासन की निष्क्रियता के बीच बस मालिकों एवं क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने स्वयं पहल करते हुए जेसीबी मशीनों की मदद से नदी में मुरम डालकर एवं खुदाई कर अस्थायी मार्ग तैयार किया। इस मार्ग से शुक्रवार से छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन पुनः शुरू हो गया है, जिससे लोगों को कुछ हद तक राहत मिली है। हालांकि यह अस्थायी मार्ग पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। विशेषकर रात्रि के समय यहां से गुजरना जोखिम भरा बना रहता है। यदि दो बड़े वाहन आमने-सामने आ जाते हैं तो क्रॉसिंग में भारी दिक्कत होती है। इसके अलावा नदी में रेत का अत्यधिक बहाव (बसुआ) होने के कारण मार्ग और भी खतरनाक हो जाता है। क्षेत्रवासियों ने एक बार फिर शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द स्थायी पुल निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं और परेशानियों से स्थायी समाधान मिल सके। यह मार्ग क्षेत्र की जीवनरेखा है, और इसके सुचारू संचालन से जनजीवन सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है।

## 'आचार्य भरतमुनि प्रसंग' सम्पन्न

# गायन, वादन एवं नृत्य में भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओं के दर्शन

**पीपुल्स प्रवक्ता, दमोह**

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग अंतर्गत उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा जिला प्रशासन - दमोह के सहयोग से नाट्यशास्त्र के रचयिता आचार्य भरतमुनि की स्मृति में प्रतिष्ठित 'आचार्य भरतमुनि प्रसंग' का आयोजन मानस भवन, दमोह में गुरुवार की शाम को किया गया। इस अवसर पर गायन, वादन एवं नृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओं के दर्शन हुए। इस अवसर पर पहली प्रस्तुति सुश्री श्वेता गुंजन जोशी, धार की गायन की रही। उन्होंने अपनी प्रस्तुति के आरंभ के लिए राग मधुवंती का चयन किया। इस मधुर और कोमल राग को श्वेता की सुरीली आवाज में सुनना श्रोताओं के लिए आनन्ददायी अनुभव रहा। उन्होंने मध्य लय त्रिताल की बंदिश जय दुर्गे भवानी माता.... के साथ राग के सौंदर्य को प्रस्तुत किया। इसके बाद राग अहीर भैरव एवं बैरागी भैरव (मिश्र राग) में महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम अयगिरी नंदिनी.... जिसे आदि शंकराचार्य द्वारा रचा गया, को प्रस्तुत कर दिव्य वातावरण बना दिया। श्रीरामनवमीं के पावन अवसर को ध्यान में रखते हुए श्वेता ने पायो जी मैंने राम रतन.... एवं राग भीम पलासी में हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की.... के साथ गायन को विराम दिया। उनके साथ तबले पर डॉ. रवीन्द्र टांक एवं हारमोनियम पर श्री अरविंद टांक ने संगत दी। अगली सभा वादन आधारित थी, जिसमें पंडित प्रसन्नजीत पोद्दार एवं साथी, कोलकाता द्वारा वाद्यवृंद की प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति में तबले पर श्री प्रसन्नजीत पोद्दार एवं उनके शिष्य श्री गिरुपदा दास और श्री रिद्म पोद्दार थे, वहीं मृदंगम पर श्री बिदवान पी.वी. साईराम, श्रीखोल पर श्री चंदन चटर्जी, हैंडसॉनिक पर श्री देवब्रत घोष, हारमोनियम एवं गायन में श्री बिजॉय मंडल एवं सारंगी पर प्राणकृष्ण सांई थे। कलाकारों ने ताल वाद्य आधारित इस प्रस्तुति में तीन ताल पर वादन प्रस्तुत किया। दक्षिण एवं उत्तर भारतीय संगीत शैलियों के इस सुंदर ताने-बाने ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति रायगढ़ घराने की सुविख्यात नृत्यांगना एवं चक्रधर नृत्य केन्द्र, भोपाल की गुरु अल्पना वाजपेयी की कथक नृत्य की रही।

### मेले में मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम की किताबें सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी

# 'बुक बैंक' स्टॉल के माध्यम से लोग अपने बच्चों की पुरानी किताबें दान कर सकेंगेः कलेक्टर

**पीपुल्स प्रवक्ता, दमोह।**

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया दमोह में आयोजित पुस्तक मेला विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए 29 मार्च से लगाया जा रहा हैं। यह मेला शाम 04 बजे स्क्क स्कूल में लगेगा। उन्होंने कहा इसे 29, 30 और 31 मार्च (तीन दिन) के लिए लगाया जायेगा और आवश्यकता पड़ने पर इसको एक दिन और बढ़ाया जा सकता हैं। यानि 1 अप्रैल तक भी इसको ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा पुस्तक मेले की सारी तैयारियाँ लगभग पूरी हो गई हैं और इसमें दो आकर्षण और विशेष रूप से इस बार हम लोग रख रहे हैं, जो पिछली बार नहीं थे। कलेक्टर कोचर ने बताया इस बार मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम इसकी



किताबें भी यहाँ विक्रय के लिए रखेंगे। मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के अधिकारी (जो उनके डिपो के अधिकारी हैं) भी यहाँ आ रहे हैं और वे अपना पूरा एक स्टॉल वहाँ प्रदर्शित करेंगे। जो विद्यार्थी प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं, जो माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड वाले हैं, उन बच्चों को ये किताबें आराम से और बहुत सस्ती दरों पर उपलब्ध हो जाएँगी। दूसरी महत्वपूर्ण चीज़बुक बैंक जिसके लिए मैं आप सब से आह्वान करना चाह रहा हूँ, वह यह है कि वहाँ पर एक 'बुक बैंक' का स्टॉल लगा रहे हैं। इसके अंतर्गत यह होगा कि आप लोग जब पुस्तक मेले में आएँगे, तो अपने बच्चों की पुरानी किताबें कृपया लेकर आएँ और हमारे इस बुक बैंक में जमा कर दें। आपके द्वारा दान की गई किताबें कई बच्चों के काम आ सकती हैं। इन किताबों को हम नोट करेंगे और फिर व्यवस्थित करके आने वाले दिनों में उन बच्चों को बाँटेंगे जिन्हें इनकी आवश्यकता है। यह एक पुनीत कार्य है, और मुझे लगता है कि इसमें जिले के सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए।

### रबी विपणन वर्ष 2026-27: जिले में स्थापित किए जायेंगे 142 गेहूं उपार्जन केन्द्र

# उपार्जन केंद्रों पर हो सभी आवश्यक सुविधाएं, जिला एवं खंड स्तरीय समिति निरंतर भ्रमण कर सुनिश्चित करें सुचारू उपार्जन

**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**

जिला नर्मदा पुरम रबी विपणन 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा बताया गया कि गेहूं उपार्जन केन्द्रों एवं उपार्जन संस्थाओं के निर्धारण हेतु जिला स्तरीय उपार्जन समिति से अनुमोदित प्रस्ताव अनुसार समिति स्तर व मंडी उप मंडी स्तर, जेव्हीएस एवं शासकीय गोदामों के स्तर पर 142 गेहूं उपार्जन केन्द्र स्थापित किये जाने के आदेश जारी किए गए है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार सिवनी मालवा में 39, पिपरिया में 13, बनखेड़ी में 16, इटारसी



में 17, माखन नगर में 19, सोहागपुर में 20, नर्मदापुरम में 08 एवं डोलरिया में 10 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्र संचालन हेतु आवश्यक भौतिक सुविधाएं, मानव संसाधन, डॉटा एन्ट्री आपरेटर, तुलाई एवं उपार्जन से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाऐं उपायुक्त सहकारिता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या0 नर्मदापुरम द्वारा सुनिश्चित कराई जाकर समय-सीमा में उपार्जन प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें।

इसी के साथ बायोमेट्रिक डिवाइस, उपार्जन केन्द्र बैनर, पीने का पानी एवं जन सुविधा, हेल्पडेस्क, प्रशासकीय हॉल, ड्रेनेज व्यवस्था, गुणवत्ता परीक्षण कक्ष एवं उपकरण, प्रतीक्षा कक्ष, अनलोडिंग क्षेत्र, अनाज तौल मशीन एवं प्रमाणीकरण, विद्युत कनेक्शन एवं व्यवस्था, हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा, केन्द्र पर लगाए जाने वाले अन्य बैनर्स, भंडारण, तिरपाल व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से की जाए। कलेक्टर द्वारा गोदाम में भंडारण पूर्व स्कन्ध की गुणवत्ता जांच उपार्जन एजेंसी मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के सर्वेयर द्वारा की जाएगी एवं एफएक्यू गुणवत्ता के स्कन्ध का ही WHR मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन द्वारा जारी किये जाने के भी निर्देश दिए हैं।

इसके अतिरिक्त उन्होंने जिला स्तरीय उपार्जन समिति एवं अनुभाग स्तरीय उपार्जन समिति को सतत भ्रमण कर उपार्जन की मॉनिटरिंग एवं आने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं हेतु उपयोग होने वाले बारदाना का समुचित संधारण एवं रिकार्ड रखा जाना भी सुनिश्चित करें।

# गणेश शंकर विधार्थी को भारत रत्न देने की मांग

**पीपुल्स प्रवक्ता, खिरकिया**



गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार संघ ने कानपुर सांसद रमेश अवस्थी के द्वारा लोकसभा में पत्रकारिता के पुरोधा और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न देने की मांग करने पर आभार व्यक्त किया है। संघ के स्थानीय शाखा प्रमुख आशीष जैन ने बताया कि विगत दिनों कानपुर बीजेपी सांसद रमेश अवस्थी ने संसद में महान क्रांतिकारी व निर्भीक पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न देने की मांग की। उन्होंने संसद में कहा कि विद्यार्थी ने अपने अखबार प्रताप के जरिए ब्रिटिश शासन के अत्याचारों के खिलाफ मजबूत आवाज उठाई और स्वतंत्रता आंदोलन को वैचारिक ताकत दी थी। सांसद अवस्थी ने सदन में कहा कि विद्यार्थी ने भगत सिंह समेत कई क्रांतिकारियों का समर्थन किया। 25 मार्च 1931 को कानपुर दंगों के दौरान उन्होंने लोगों की जान बचाते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया। उनकी शहादत पर महात्मा गांधी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा था कि काश उन्हें भी ऐसी ही मृत्यु प्राप्त होती, जिसमें वे हजारों लोगों की जान बचाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर पाते।गांधी जी ने यह भी माना था कि स्वतंत्र भारत में प्रधानमंत्री पद के लिए गणेश शंकर विद्यार्थी प्रमुख दावेदार होते। सांसद रमेश अवस्थी ने मांग की कि कानपुर में उनकी शहादत स्थली का सुंदरीकरण कर वहां भव्य स्मारक और स्मृति वाटिका बनाई जाए। साथ ही प्रताप प्रेस को विकसित कर राष्ट्रीय पत्रकारिता संग्रहालय बनाया जाए, ताकि नई पीढ़ी उनके योगदान से प्रेरणा ले सके। गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार संघ के प्रमुख सदस्य शिरीष सकलेचा ने कहा कि दिल्ली लोकसभा परिसर में भी गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा स्थापित की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जी का जीवन और बलिदान देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है, इसलिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए।

### लिटिल लीडर्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे

# पांचवीं आठवीं बोर्ड एग्जाम में सर्वोत्तम परिणाम के साथ तहसील में रहे अव्वल



**पीपुल्स प्रवक्ता, खिरकिया।**

कक्षा 5वीं में किनिशा अग्रवाल ने 379/400 यानी 94.75 प्रतिशत अंक लाकर किया तहसील में टॉप साथ ही आराध्या ,अग्रवाल वंशिका यादव ,आरिनी गंगराड़े जसकीरत सिंह खनूजा ,हितांश सोनी कविश मालू ,रावी तापड़िया आरव सिंह राजपूत, आरती केशरवानी, अभिनव भंडारी,अक्षिता जैन ,आदित्य कुशवाहा,प्रज्ञा राठौर ने क्रम से तहसील ब्लाक में टॉप स्थान प्राप्त किया इसके साथ कक्षा 8वीं में ग्रीष्मा पवार,अविका राजपूत,धर्मिष्ठा मालाकार,गरिमा पवार,रश्मि विश्नोई,शेजल विश्नोई,आरना यादव,समर्थ गौर ने तहसील टॉपर्स में स्थान प्राप्त किया जब मेहनत करो तो सफ़लता जरूर मिलती हैं इसी बात को लिटिल लीडर्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने सिद्ध कर दिखाया हैं इस वर्ष कक्षा 5वीं एवं 8 वीं के बोर्ड एग्जाम में कक्षा 5वीं के 10 बच्चों ने तहसील टॉप किया हैं वही 8वीं में 6 बच्चों ने टॉप 10 में जगह बनाई हैं इसके साथ कक्षा 5 में 30 में से 14 बच्चों ने उ ए+ ग्रेड मतलब 85% से अधिक प्रतिशत लाएं हैं एवं 8वीं में 18 में से 9 बच्चों ने A+ ग्रेड लाएं हैं जो अपने आप में एक विशेष उपलब्धि रहीं हैं इतिहास दोहराया - पिछले वर्ष भी लिटिल लीडर्स इंटरनेशनल स्कूल ने तहसील में टॉप टेन टॉपर दिए थे इतिहास बनाने से कहीं अधिक इतिहास को दोहराना कठिन होता हैं लेकिन इतिहास दोहरा कर यह साबित होता हैं स्कूल का पढ़ाई को लेकर कितना परिश्रम करती हैं संचालक यशपाल कुशवाह ने बताया कि स्कूल न केवल किताबी ज्ञान में आगे बल्कि वह समय के साथ अपडेट होता रहा हैं स्कूल में कंप्यूटर ए आई रोबोटिक्स लैब इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं ।

# अंबेडकर जयंती की तैयारी को लेकर विशेष बैठक आयोजित



**पीपुल्स प्रवक्ता, चिचोली।**

आगामी अंबेडकर जयंती को गरिमामय एवं प्रभावी रूप से मनाने के उद्देश्य से चिचोली में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक शनिवार, 28 मार्च 2026 को शाम 5 बजे आदिवासी मंगल भवन में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं समिति के सदस्यों ने जयंती समारोह को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, रैली, माल्यार्पण, सांस्कृतिक गतिविधियों सहित विभिन्न आयोजन बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। **आयोजकः** अंबेडकर जयंती आयोजन समिति, चिचोली ने क्षेत्र के सभी समाजबंधुओं से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

# निर्माण कार्यों का लोधी ने किया लोकार्पण

**पीपुल्स प्रवक्ता, दमोह।**

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने नोहटा के ग्राम कुलुवा (मौसीपुरा) में 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इसके साथ ही आदिवासी ग्राम भैंसखार में 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन तथा 23.87 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री लोधी ने कहा इस स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से न केवल ग्रामवासियों बल्कि आसपास के गांवों के लोगों को भी उपचार की सुविधा मिलेगी। पहले लोगों को इलाज के लिए नोहटा या जबेरा जाना पड़ता था, जिससे समय और पैसे दोनों की अतिरिक्त लागत आती थी, लेकिन अब यह सुविधा गांव में ही उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि जबेरा विधानसभा में स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

# एकता चेतना यात्रा हुआ मिलन समारोह का आयोजन

**पीपुल्स प्रवक्ता, दमोह।** दिनांक 29 मार्च 2026 को अखिल भारतीय यादव महासभा के शताब्दी वर्ष पर एकता चेतना यात्रा हुआ मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आप सभी जाति बंधु सादर आमंत्रित हैं। आयोजन में मुख्य अतिथि मानव अधिकार आयुक्त भोपाल अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह यादव, महासभा प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव, पूर्व सांसद सागर लक्ष्मीनारायण यादव, दीपक यादव ने सभी से उपस्थिति की अपील कि हैं।

### ग्राम जोरतला एवं बेलखेड़ी में सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन

# राजनीतिक शक्ति से ही संभव है जनकल्याणः राज्यमंत्री पटेल

**पीपुल्स प्रवक्ता, दमोह**

मेरे जीवन में जो भी उपलब्धियाँ मिली हैं, वे खेरमाता माँ के आशीर्वाद का परिणाम हैं। जब विधायक नहीं थे, तब भी क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए निरंतर सोचते रहते थे। अपने बैंकिंग कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय भी लोगों की मदद करने की इच्छा थी, लेकिन व्यापक स्तर पर जनकल्याण के लिए राजनीतिक मंच आवश्यक है, बिना राजनीतिक शक्ति के जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाना संभव नहीं है, इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने पथरिया स्थित खेर माता मंदिर में नवनिर्मित टीन शेड के लोकार्पण के दौरान व्यक्त किये। राज्यमंत्री लखन पटेल ने ग्राम जोरतला एवं बेलखेड़ी में



सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया। उन्होने कहा कि आने वाले समय में पथरिया विधानसभा का हर गाँव पूर्ण रूप से सिंचित होगा, चार प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ पहले ही पूर्ण हो चुकी हैं और शेष कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। फतेहपुर सेक्टर के 24 गाँवों को केन-बेतवा लिंक परियोजना से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जिससे क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होने कहा 23 गाँवों की 18,501 हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दुनयधाम योजना की घोषणा की गई है। इस योजना का प्रस्ताव तैयार होकर आगे बढ़ चुका है, जिससे क्षेत्र में कृषि विकास को नई दिशा मिलेगी। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि वे क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष अशोक पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष सुंदर लाल विश्वकर्मा, मंगल कुशवाहा, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र गुरू, सुखई दाउ सहित जनपद अध्यक्ष खिलान अहिरवार, योगेश चौधरी, संदीप चौरसिया, नरेन्द्र सराफ, देवेन्द्र बाकड़ा, प्रीतम पटेल सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। इस दौरान राज्यमंत्री श्री पटेल नें मंदिर में पूजन अर्चन कर क्षेत्र और प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की और कन्या भोज में कन्याओं को भोजन परोसा साथ भोजन प्रसादी ग्रहण किया।

# सूबेदार दयानंद लिल्होरे को दी अंतिम सलामी

**पीपुल्स प्रवक्ता, बैतूल**

बैतूल जिले के ग्राम सेहरा निवासी भारतीय सेना में सेवारत सूबेदार दयानंद लिल्होरे का गत दिवस उपचार के दौरान निधन हो गया। शनिवार को उनके पैतृक गांव में पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्टेशन मुख्यालय भोपाल की सैन्य इकाई द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण,जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं सैनिक उपस्थित रहे। एसडीएम बैतूल डॉ. अभिजीत सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन सुमित सिंह सहित अन्य अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भी शहीद भवन बैतूल में पार्थिव देह को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

